भाराउससं NCCF
लखनऊ LUCKNOW

भाराउससं / लख / व्यव0 / 2023–24 / 335 26 / 07 / 2023

प्रभारी, (कार्मिक एवं प्रशा0)
एन0सी0सी0एफ0, मुख्यालय,
नई दिल्ली।

विषय–निविदा प्रपत्र बेवसाइट पर अपलोड कराने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भित विषयान्तर्गत अवगत कराना चाहेंगे कि लखनऊ शाखा द्वारा रबी विपणन वर्ष 2023–24 के तहत विभिन्न विभागों / निगमों / निकायों एवं अन्य संस्थानों को विभिन्न प्रजातियों के प्रमाणित गेहूँ, चना एवं मटर बीज की आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में शाखा कार्यालय में पंजीकृत / सक्षम उत्पादक फर्मो / आपूर्तिकर्ताओं से उनकी दरें / प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु निविदा जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 01.08.2023 (11:00 बजे पूर्वाह्न तक) निर्धारित है, संलग्न कर प्रेषित है।

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त निविदा को मुख्यालय के बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(ए0के0सिंह)
क्षेत्रीय प्रबंधक

प्रतिलिपि–महाप्रबंधक, व्यवसाय, एन0सी0सी0एफ0, मुख्यालय नई दिल्ली।

ग्राहक संतुष्टि परमध्येय
NCCF
भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित
NATIONAL CO-OPERATIVE CONSUMERS' FEDERATION OF INDIA LTD.
(उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार)
शाखा कार्यालयः डी-79, विज्ञानपुरी, महानगर एक्सटेन्शन, लखनऊ-226006
Branch Office: D-79, Vigyanpuri, Mahanagar Extension, Lucknow-226006
Ph.: 0522-4072415 E-mail: nccflko@gmail.com

भाराउससं / लख / एग्री–इनपुट / 2023–24 / 327 　　　　　　26 / 07 / 2023

दरें / प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

विगत् वर्ष की भाँति एन0सी0सी0एफ0, लखनऊ शाखा द्वारा इस वर्ष रवी सीजन 2023–24 के तहत विभिन्न निगमों / निकायों एवं अन्य संस्थाओं को विभिन्न प्रजातियों के प्रमाणित गेहूँ, चना एवं मटर बीज की आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। इस कम में शाखा कार्यालय द्वारा पंजीकृत सक्षम उत्पादक फर्मो / आपूर्तिकर्ताओं से नीचे दिये गये प्रारूप / शर्तो के अनुसार बीज की उपलब्धता एवं दरों के सम्बन्ध में निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क0सं0	उपलब्ध बीज की मात्रा (कु0 में)	बीज की प्रजाति	एफ.ओ.आर. दर प्रति कु0

आपूर्ति हेतु शर्तें:–

1) उपरोक्त दरों में एन0सी0सी0एफ0 का मार्जिन सम्मिलित होना चाहिए।
2) आपूर्ति के उपरान्त सम्बन्धित विभाग से भुगतान प्राप्त होने पर ही एन0सी0सी0एफ0 द्वारा भुगतान किया जायेगा।
3) आपूर्तित बीजों की गुणवत्ता अधोमानक पाये जाने पर समस्त उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता फर्म की होगी तथा उसकी क्षतिपूर्ति भी फर्म से ही की जायेगी।
4) बीजों की आपूर्ति निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराना होगा।
5) बीजों की आपूर्ति हेतु एन0सी0सी0एफ0 / सम्बन्धित विभाग / निगम की समस्त शर्तें फर्म को मान्य होंगी।

अतः संस्था के माध्यम से विभिन्न निगमों / निकायों एवं अन्य संस्थाओं को प्रमाणित गेहूँ, चना एवं मटर बीज की आपूर्ति करने में इच्छुक पंजीकृत फर्मे बीजों की उपलब्ध मात्रा, प्रजाति व न्यूनतम दरों सहित अपना प्रस्ताव दिनांक 01.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक शाखा कार्यालय, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्राप्त किसी भी प्रस्ताव को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

भवदीय
कृते–भाराउससं मर्यादित।
26/07/23
(ए0के0सिंह)
क्षेत्रीय प्रबंधक